प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

फार्मर फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत एक–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

पंतनगर। 25 जनवरी 2025। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के कृषि संचार विभाग में संचालित फार्मर फर्स्ट परियोजना के तहत ग्राम सूर्याजला, भीमताल में 'फसलों में होने वाली बीमारियों के प्रबंधन एवं नियंत्रण' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गांव के 70 किसानों ने प्रतिभाग किया। परियोजना अधिकारी डा. एम.ए. अंसारी, सह परियोजनाधिकारी डा. ललित भट्ट एवं डा. किरन राना ने किसानों से संबंधित विषय में विस्तृत रूप से विचार–विमर्श किया एवं किसानों से जानकारी साझा की। कार्यक्रम में विशेषतः महिला किसानों ने काफी उत्सुकता एवं जोश से प्रतिभाग किया। इस दौरान विषय वस्तु विशेषज्ञ डा. ललित भट्ट ने गांव में पॉलीटनल की भी स्थापना करवायी तथा इसके प्रबंधन के विषय में किसानों को जानकारी दी। गांव के किसानों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बताते हुए परियोजना के अंतर्गत और भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित करते रहने का भी परियोजना अधिकारियों से निवेदन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वरिष्ठ शोधकर्ता डा. नेहा आर्या एवं प्रक्षेत्र सहायक श्वेता सिंह ने अपना योगदान दिया।

कृषक महिलाओं के साथ परियोजना अधिकारी।

निदेशक संचार